दिनांक:
25 सितम्बर 2025

# प्रबंधन बोर्ड की छब्बीसवीं बैठक

## कार्यवाही

**स्थानः**

कुलपति सभागार कक्ष
बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना – 800 014 (बिहार)

# बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

**दिनांक–25.09.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे कुलपति सभागार कक्ष बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में संपन्न प्रबंधन बोर्ड की छब्बीसवीं बैठक की कार्यवाही :–**

**व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति :**

| क्र०सं० | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | **डॉ० इन्द्रजीत सिंह,**<br>कुलपति,<br>बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना। | अध्यक्ष |
| 2. | **श्रीमती स्मिता सिन्हा,**<br>संयुक्त सचिव,<br>पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार सरकार। | सदस्य<br>(अपर मुख्य सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार सरकार के नाम. निर्देशित) |
| 3. | **श्री शैलेश कुमार,**<br>आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,<br>पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार सरकार। | सदस्य<br>(प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार सरकार के नाम निर्देशित) |
| 4. | **श्री अभिषेक रंजन,** भा०प्र०से०,<br>निदेशक, मत्स्य,<br>पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार सरकार। | सदस्य |
| 5. | **डॉ० सुनील ठाकुर,**<br>संयुक्त निदेशक, पशुपालन निदेशालय,<br>पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार सरकार। | सदस्य<br>(निदेशक पशुपालन, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार सरकार के नाम निर्देशित) |
| 6. | **डॉ० अनूप दास,**<br>निदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना। | सदस्य |
| 7. | **श्री रामदयाल सिंह,**<br>प्रगतिशील किसान, ग्राम+पोस्ट– धमार, थाना–मुफस्सिल, जिला–भोजपुर। | सदस्य |
| 8. | **श्री के०पी०एस० केशरी,**<br>विशिष्ट कृषि उद्योगपति, अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक,<br>मेसर्स आम्रपाली फुड्स लि०, पटना। | सदस्य |
| 9. | **श्रीमती भावना झा,**<br>उत्कृष्ट महिला सामाजिक कार्यकर्त्ता (पूर्व स०वि०स०),<br>हनुमान नगर कॉलनी, नियर हनुमान मंदिर,<br>स्टेशन रोड, मधुबनी, पिन–847211, बिहार। | सदस्य |
| 10. | **डॉ० निर्मल सिंह दहिया,**<br>निदेशक अनुसंधान (प्रभारी), बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना। | सदस्य |
| 11. | **डॉ० उमेश सिंह,**<br>अधिष्ठाता, संजय गाँधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना। | सदस्य |
| 12. | **डॉ० जय किशन प्रसाद,**<br>कुलसचिव (प्रभारी), बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना। | गैर सदस्य सचिव |



Registrar
Bihar Animal Sciences University, Patna

विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थिति :

| क्र०सं० | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | **डॉ० एन० एच० केलावाला**<br>Principal, College of Veterinary Science and Animal Husbandry, Rajpur (Nava), Himmatnagar (Dist. Sabarkantha), Gujarat- 383010. | सदस्य |
| 2. | **डॉ० अनिल कुमार,**<br>सहायक महानिदेशक (Coordination),<br>भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली। | सदस्य |

विश्वविद्यालय के कुलसचिव (प्रभारी)–सह–प्रबंधन बोर्ड के गैर सदस्य सचिव द्वारा माननीय अध्यक्ष की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। विश्वविद्यालय प्रबंधन बोर्ड के माननीय अध्यक्ष–सह–कुलपति द्वारा बोर्ड की बैठक में उपस्थित सभी माननीय सदस्यों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराया गया। तदोपरांत परिचालित कार्यावली एवं अन्य मामलों पर सम्यक विचारोपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय/प्रस्ताव पारित किये गये।

कार्यावली संख्या–26.1 **दिनांक–21.05.2025 को सम्पन्न बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के प्रबंधन बौर्ड की चौबीसवीं बैठक की कार्यवाही की सम्पुष्टि।**

विवरण :– चौबीसवीं प्रबंधन बोर्ड की बैठक दिनांक–21.05.2025 को सम्पन्न हुई। बैठक की कार्यवाही विश्वविद्यालय प्रबंधन बोर्ड के सभी माननीय सदस्यों को दिनांक–27.05.2025 को प्रेषित की गयी। बैठक की कार्यवाही के कार्यावली संख्या–24.14 पर लिये गये निर्णय के संबंध में प्रबंधन बोर्ड के दो (02) माननीय सदस्यों यथाः श्री रामदयाल सिंह, प्रगतिशील किसान, ग्राम+पोस्ट–धमार, थाना–मुफस्सिल, जिला–भोजपुर एवं श्रीमती भावना झा, उत्कृष्ट महिला सामाजिक कार्यकर्त्ता (पूर्व स०वि०स०), हनुमान नगर कॉलनी, नियर हनुमान मंदिर, स्टेशन रोड, मधुबनी, पिन–847211, बिहार से पत्र प्राप्त है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि :–

*"मेरे द्वारा डॉ० कुमार को दीर्घकालिक अवकाश (long-term leave) पर भेजने का विकल्प सुझाया गया, जबकि मैंने ऐसा कोई सुझाव नही दिया था।"*

चौबीसवीं प्रबंधन बोर्ड की बैठक की कार्यवाही प्रतिवेदन एवं इसके निर्णयों पर की गई कार्रवाई, सम्पुष्टि हेतु प्रबंधन बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत है।

निर्णय **सम्पुष्ट।**

दिनांक–21.05.2025 को सम्पन्न चौबीसवीं प्रबंधन बोर्ड की कार्यावली संख्या–24.14 पर लिये गये निर्णय में अंकित निम्न वाक्य को विलोपित करने का निर्णय लिया गया है :–

*"मेरे द्वारा डॉ० कुमार को दीर्घकालिक अवकाश (long-term leave) पर भेजने का विकल्प सुझाया गया, जबकि मैंने ऐसा कोई सुझाव नही दिया था।"*

साथ ही माननीय सदस्य श्री के०पी०एस० केशरी द्वारा बतलाया गया कि यह सुझाव उनके द्वारा दिया गया था।

कार्यावली संख्या–26.2 **दिनांक–24.07.2025 को सम्पन्न बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के प्रबंधन बोर्ड की पच्चीसवीं बैठक की कार्यवाही की सम्पुष्टि।**

विवरण :– पच्चीसवीं प्रबंधन बोर्ड की बैठक दिनांक–24.07.2025 को सम्पन्न हुई। पच्चीसवीं प्रबंधन बोर्ड की बैठक की कार्यवाही प्रतिवेदन एवं इसके निर्णयों पर की गई कार्रवाई, सम्पुष्टि हेतु प्रबंधन बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत है।

निर्णय **सम्पुष्ट।**



Registrar
Bihar Animal Sciences University, Patna

**कार्यावली संख्या–26.3** **बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में पैरावेट स्कूल की स्थापना हेतु विभागीय अनुमोदन के क्रम में निम्नवर्गीय लिपिक एवं अनुदेशक के पद पर नियुक्ति के संबंध में।**

विवरण :– बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में पैरावेट स्कूल की स्थापना हेतु बिहार सरकार, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, का पत्रांक–6ABASU(1)06/2024-1839 दिनांक–24.04.2025 द्वारा बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय, पटना तथा पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, किशनगंज के लिए क्रमशः 01–01 निम्नवर्गीय लिपिक एवं 02–02 अनुदेशक को राज्य सरकार के वेतन संरचना समरूप मानदेय पर Outsource से तत्काल छः माह पर रखने तथा संतोषप्रद सेवा रहने/आवश्यकता रहने पर उनकी सेवा अवधि पुनः, छः माह तक प्रावधानानुसार विस्तारित करने की विभागीय स्वीकृति प्राप्त है।

बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय परिनियम, 2020 के अध्याय–VII की कंडिका 7.1 क्रमांक–22 पर निर्धारित प्रावधान के आलोक में निम्नवर्गीय लिपिक एवं अनुदेशक के पद पर नियुक्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य अर्हता संबंधी प्रस्ताव विश्वविद्यालय प्रबंधन बोर्ड के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

निर्णय बिहार सरकार, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग का पत्रांक–6ABASU(1)06/2024-1839 दिनांक–24.04.2025 द्वारा प्राप्त स्वीकृत के आलोक में अग्रेत्तर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।

विश्वविद्यालय में पैरावेट स्कूल की स्थापना हेतु प्रशासी विभाग द्वारा निम्नवर्गीय लिपिक एवं अनुदेशक का स्थायी पद सृजन होने की प्रत्याशा में पदों पर नियुक्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य अर्हता संबंधी प्रस्ताव में निम्न संशोधन के साथ अनुमोदन प्रदान करते हुए प्रशासी विभाग से अनुमोदन प्राप्त करने की अनुशंसा की गई :–

1. **निम्नवर्गीय लिपिक** :– शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य अर्हता बिहार सरकार के अनुरूप रखी जाय।
2. **अनुदेशक** :– अनिवार्य योग्यता में दो वर्षों का संबंधित क्षेत्र में कार्य अनुभव जोड़ा जाय।

साथ ही विभागीय पत्रांक के क्रम में स्थायी पद सृजन हेतु प्रस्ताव बिहार सरकार, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।

**कार्यावली संख्या–26.4** **बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय, पटना के सहायक प्राध्यापकों एवं सह–प्राध्यापकों को वृत्ति उन्नयन योजना–2006 के तहत पदोन्नति हेतु साक्षात्कार के उपरांत चयन समिति की अनुशंसा प्रबंधन बोर्ड के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत।**

विवरण :– बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय परिनियम, 2020 के अध्याय–V में वृत्ति उन्नयन योजना–2006 अर्न्तगत विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को पदोन्नति हेतु निहित प्रावधान के अनुसार पदोन्नति हेतु स्क्रीनिंग एवं मूल्यांकन समिति का गठन किया गया।

बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय, पटना के सहायक प्राध्यापकों (पीबी –3, रू 15600–39100 + ए.जी.पी. रू 8000) को सह–प्राध्यापकों या समकक्ष (पीबी –4, रू 37400–67000 + ए.जी.पी. रू 9000) एवं सह–प्राध्यापकों या समकक्ष (पीबी –4, रू 37400–67000 + ए.जी.पी. रू 9000) को विश्वविद्यालय प्राध्यापक–सह–मुख्य वैज्ञानिक या समकक्ष (पीबी –4, रू 37400–67000 + ए.जी.पी. रू 10000) पद पर पदोन्नत हेतु गठित स्क्रीनिंग एवं मूल्यांकन समिति के अध्यक्ष का पत्रांक– SP/02/2025 दिनांक–12.06.2025, निदेशक शोध कार्यालय पत्रांक संख्या–F.No.211/ DR/BASU/2024/1057 दिनांक–19.03.2024 एवं पत्रांक–SP/02/2025 दिनांक–12.06. 2025 द्वारा अनुशंसा प्राप्त है।

समिति से प्राप्त अनुशंसा प्रतिवेदन के क्रम में बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय परिनियम, 2020 के अध्याय–VII की कंडिका–7.1. क्रमांक–14 एवं 15 में निहित प्रावधान के अनुसार प्राध्यापक एवं सह–प्राध्यापक के पदों पर साक्षात्कार हेतु चयन समिति गठित करते हुए दिनांक–05.08.2025, 08.08.2025, 11.08.2025 एवं 14.08.2025 को साक्षात्कार सम्पन्न हुआ।

साक्षात्कार की प्रक्रिया विश्वविद्यालय द्वारा गठित चयन समितियों द्वारा पूरी की गयी जिनमें संबंधित विषय/क्षेत्र के विशेषज्ञ, राज्यपाल द्वारा मनोनीत सदस्य एवं सरकार



Registrar
Bihar Animal Sciences University, Patna

के प्रतिनिधि भी शामिल थे। साक्षात्कार के उपरांत चयन समिति की अनुशंसा विश्वविद्यालय प्रबंधन बोर्ड के समक्ष अनुमोदनार्थ उपस्थापित।

निर्णय

बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय परिनियम, 2020 में वर्णित वृत्ति उन्नयन योजना– 2006 के अंतर्गत पदोन्नति हेतु गठित स्क्रीनिंग एवं मूल्यांकन समिति की अनुशंसा तथा दिनांक–05.08.2025, 08.08.2025, 11.08.2025 एवं 14.08.2025 को सम्पन्न साक्षात्कार के उपरांत की गयी अनुशंसा के आलोक में बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय, पटना मे कार्यरत पाँच (05) सहायक प्राध्यापकों (ए॰जी॰पी॰ रू 8000 / पीबी –3 + रू 15,600–39,100) को सह–प्राध्यापक (ए॰जी॰पी॰ रू 9000 / पीबी –4 + रू 37400–67000) में तथा दस (10) सह–प्राध्यापक (ए॰जी॰पी॰ रू 9000 / पीबी –4 + रू 37400–67000) को प्राध्यापक (पीबी –4, रू 37400–67000 + ए॰जी॰पी॰ रू 10000) के पद में पदोन्नति संबंधी अनुशंसा को विश्वविद्यालय प्रबंधन बोर्ड द्वारा **अनुमोदित** किया गया है, जिसकी सूची निम्न प्रकार है :–

**(I) सह–प्राध्यापक पद पर पदोन्नत शिक्षको की सूची :–**

| S.No. | Name, Designation and Department | From | | To | | Date of Promotion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Post | Scale | Post | Scale | |
| **1.** | **Dr. Ravikant Nirala,** Assistant Professor, Deptt. of Livestock Management, BVC, Patna | Assistant Professor | AGP 8000/- | Associate Professor | AGP 9000/- | 31.10.2023 |
| **2.** | **Dr. Ramesh Kumar Singh,** Assistant Professor, Deptt. of Animal Genetics & Breeding, BVC, Patna | Assistant Professor | AGP 8000/- | Associate Professor | AGP 9000/- | 18.11.2023 |
| **3.** | **Dr. Rashmi Rekha Kumari,** Assistant Professor, Deptt. of Veterinary Pharmacology & Toxicology, BVC, Patna | Assistant Professor | AGP 8000/- | Associate Professor | AGP 9000/- | 31.10.2023 |
| **4.** | **Dr. Avnish Kumar Gautam,** Assistant Professor, Deptt. of Veterinary Anatomy, BVC, Patna | Assistant Professor | AGP 8000/- | Associate Professor | AGP 9000/- | 10.06.2022 |
| **5.** | **Dr. Gyan Dev Singh,** Assistant Professor, Deptt. of Veterinary Clinical Complex, BVC, Patna | Assistant Professor | AGP 8000/- | Associate Professor | AGP 9000/- | 08.11.2023 |

**(II) प्राध्यापक पद पर पदोन्नत शिक्षको की सूची :–**

| S.No. | Name, Designation and Department | From | | To | | Date of Promotion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Post | Scale | Post | Scale | |
| **1.** | **Dr. Imran Ali,** Associate Professor, Deptt. of Veterinary Pathology, BVC, Patna. | Associate Professor | AGP 9000/- | Professor | AGP 10000/- | 10.07.2023 |
| **2.** | **Dr. Kaushal Kumar,** Associate Professor, Deptt. of Veterinary Pathology, BVC, Patna. | Associate Professor | AGP 9000/- | Professor | AGP 10000/- | 10.07.2023 |
| **3.** | **Dr. Ajit Kumar,** Associate Professor, Deptt. of Veterinary Parasitology, BVC, Patna. | Associate Professor | AGP 9000/- | Professor | AGP 10000/- | 26.07.2023 |



Registrar
Bihar Animal Sciences University, Patna

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **4.** | **Dr. Pramod Kumar,** Associate Professor, Deptt. of Veterinary Physiology, BVC, Patna. | Associate Professor | AGP 9000/- | Professor | AGP 10000/- | 05.12.2023 |
| **5.** | **Dr. Nirbhay Kumar,** Associate Professor, Deptt. of Veterinary Pharmacology & Toxicology, BVC, Patna | Associate Professor | AGP 9000/- | Professor | AGP 10000/- | 10.07.2023 |
| **6.** | **Dr. Sanjay Kumar,** Associate Professor, Deptt. of Animal Nutrition, BVC, Patna. | Associate Professor | AGP 9000/- | Professor | AGP 10000/- | 29.07.2023 |
| **7.** | **Dr. Sanjay Kumar Bharti,** Associate Professor, Deptt. of Veterinary Anatomy, BVC, Patna. | Associate Professor | AGP 9000/- | Professor | AGP 10000/- | 31.08.2023 |
| **8.** | **Dr. Sushma Kumari,** Associate Professor, Deptt. of Livestock Product Technology, BVC, Patna. | Associate Professor | AGP 9000/- | Professor | AGP 10000/- | 13.08.2023 |
| **9.** | **Dr. Ankesh Kumar,** Associate Professor, Deptt. of Veterinary Clinical Complex, BVC, Patna. | Associate Professor | AGP 9000/- | Professor | AGP 10000/- | 30.11.2023 |
| **10.** | **Dr. Bipin Kumar,** Associate Professor, Deptt. of Veterinary Medicine, BVC, Patna. | Associate Professor | AGP 9000/- | Professor | AGP 10000/- | 26.07.2023 |

**(III)** निम्नलिखित शिक्षक पदोन्नत हेतु अनुशंसित नहीं किये गये :–

1. **Dr. Kumari Anjana,**
   Assistant Professor, Deptt. of Veterinary Pharmacology & Toxicology, BVC, Patna.
2. **Dr. Birendra Kumar,**
   Associate Professor, Deptt. of Animal Genetics & Breeding, BVC, Patna.
3. **Dr. Archana Kumari,**
   Associate Professor, Deptt. of Veterinary Surgery & Radiology, BVC, Patna.

कार्यावली संख्या–26.5

**बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में सेवानिवृत्त कर्मियों का पुर्ननियोजन एवं संविदा के आधार पर पुर्ननियोजित कर्मियों के सेवा विस्तार अनुमोदन के संबंध में।**

विवरण :–

**(क)** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में सेवानिवृत्त कर्मियों का पुर्ननियोजन विश्वविद्यालय कार्यहित में बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय परिनियम, 2020 के अध्याय–X की कंडिका–10.4 में निहित प्रावधान के आलोक में विश्वविद्यालय प्रबंधन बोर्ड में अनुमोदन की प्रत्याशा में योगदान की तिथि से छः माह के लिए किया गया है, विवरण निम्न प्रकार है :–

| क्र० स० | नाम | पदनाम | पुर्ननियोजन अवधि | |
|---|---|---|---|---|
| | | | योगदान की तिथि | सेवा अवधि |
| 1. | श्री बिमलेश प्रसाद | पुर्ननियोजित संविदाकर्मी निम्न वर्गीय लिपिक, संजय गाँधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना। | 03.06.2025 | **03.06.2025 से छः माह** (O.O. No.-BASU/Reg./Rect./ F.No.-324 Part-I/156 & Memo No. 588 dated 26.06.2025) & (O.O. No.-BASU/Reg./Rect./ F.No.-324 Part-I/114 & Memo No. 401 dated 31.05.2025) |
| 2. | श्री धर्मदास पासवान | पुर्ननियोजित संविदाकर्मी उच्चवर्गीय लिपिक, बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय, पटना। | 02.08.2025 | **02.08.2025 से छः माह** (O.O. No.-BASU/Reg./Rect./ F.No.-324 /237 & Memo No. 995 dated 25.08.2025) & (O.O. No.-BASU/Reg./Rect./ F.No.-324 /209 & Memo No. 886 dated 31.07.2025) |



Registrar
Animal Sciences University, Patna

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3. | श्री विश्णु दत्त सिंह | पुनर्नियोजित संविदाकर्मी निम्नवर्गीय लिपिक, बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय, पटना। | 02.08.2025 | **02.08.2025 से छः माह** (O.O. No.-BASU/Reg./Rect./ F.No.-324 /238 & Memo No. 993 dated 25.08.2025) & (O.O. No.-BASU/Reg./Rect./ F.No.-324 /210 & Memo No. 887 dated 31.07.2025) |

**(ख)** विश्वविद्यालय कार्यहित में गैर–शैक्षणिक पदों पर पुर्ननियोजित संविदाकर्मियों का सेवा अवधि समाप्त होने के फलस्वरूप प्रदान किये गये सेवा अवधि का विस्तार यथाः अगले छः माह तक, पूर्ववर्ती शर्तों के अनुरूप प्रबंधन बोर्ड के अनुमोदन की प्रत्याशा में किया गया है, विवरण निम्न प्रकार है :–

| क्र० स० | नाम | पदनाम | योगदान की तिथि | विस्तारित सेवा अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री रत्नेश्वर झा | सहायक नियंत्रक (संविदा के आधार पर), मात्स्यिकी महाविद्यालय, किशनगंज। | 19.01.2023 | **17.07.2025 से 16.01.2026** (O.O. No.BASU/Reg./Rect./ F.No.-336/189 & Memo No. 731 dated 15.07.2025) |
| 2. | श्री मिथिलेश ठाकुर | पुर्ननियोजित संविदाकर्मी सईस, बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय, पटना। | 01.02.2023 | **01.08.2025 से 14.01.2026** (O.O. No.-BASU/Reg./Rect./ F.No.-324/192 & Memo No. 751 dated 17.07.2025) |

निर्णय

**अनुमोदित।**

श्री रत्नेश्वर झा, सहायक नियंत्रक (संविदा), मात्स्यिकी महाविद्यालय, किशनगंज का सेवा अवधि का विस्तार पर विश्वविद्यालय प्रबंधन बोर्ड के माननीय सदस्यों द्वारा प्रदत्त सुझाव अनुसार पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार सरकार से पत्राचार उपरांत निर्देश प्राप्त होने पर यथोचित कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।

कार्यावली संख्या–26.6

**निदेशक आवासीय अनुदेशक सह अधिष्ठाता स्नातकोत्तर, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना की नियुक्ति के संबंध में।**

विवरण :–

दिनांक–24.07.2025 को सम्पन्न विश्वविद्यालय प्रबंधन बोर्ड की पच्चीसवीं बैठक की कार्यावली संख्या–25.3 पर अनुमोदनोपरांत Dr. Anish Yadav, Professor & Head, Division of Veterinary Parasitology, Faculty of Veterinary Sciences & Animal Husbandry, Sher-e-Kashmir University of Agricultural Sciences and Technology of Jammu, R.S. Pura,-181102, Jammu, J&K. को निदेशक आवासीय अनुदेशक सह अधिष्ठाता स्नातकोत्तर पद पर नियुक्ति हेतु Offer of Appointment L.No.:BASU/Reg./Rect./File No. 370/204 (Memo No. 856) Dated 25/07/2025 निर्गत है। डॉ० अनीश यादव द्वारा दिनांक–16.09.2025 को सूचित किया गया है कि व्यक्तिगत कारणों से निदेशक आवासीय अनुदेशक सह अधिष्ठाता स्नातकोत्तर, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के पद पर योगदान करने में असमर्थ है।

उपरोक्त तथ्यों के आलोक में विश्वविद्यालय प्रबंधन बोर्ड की पच्चीसवीं बैठक द्वारा अनुमोदित पैनल मे से waitlisted candidate, Dr. Pankaj Kumar Singh, S/o-Shri Surendra Prasad Singh, Professor, Department of Animal Nutrition, Bihar Veterinary College, Patna को निदेशक आवासीय अनुदेशक सह अधिष्ठाता स्नातकोत्तर पद पर नियुक्ति हेतु Offer of Appointment L.No.:BASU/Reg./Rect./File No. 370/259 (Memo No. 1109) Dated 16/09/2025 जारी किया गया है।

निर्णय

**अनुमोदित।**

**अध्यक्ष की अनुमति से अन्यान्य मामले।**

कार्यावली संख्या–26.7

**विश्वविद्यालय अकादमिक परिषद् की 23वीं बैठक की कार्यवाही प्रतिवेदन की सम्पुष्टि।**

विवरण :–

विश्वविद्यालय अकादमिक परिषद् की 23वीं बैठक दिनांक–20.09.2025 को आहूत की गई जिसकी कार्यवाही प्रतिवेदन प्रबंधन बोर्ड के समक्ष सम्पुष्टि हेतु प्रस्तुत है।



Registrar
Bihar Animal Sciences University, Patna

निर्णय सम्पुष्ट।

कार्यावली संख्या–26.8 विश्वविद्यालय में **Human Resource Development Unit (HRD)** की स्थापना के संबंध में।

विवरण :– कुलपति सचिवालय का कार्यालय आदेश संख्या–35/कु०सचि०/बि०प०वि०वि०, पटना सह–पठित ज्ञापांक संख्या–186 दिनांक–11.09.2025 द्वारा विश्वविद्यालय में Human Resource Development Unit की स्थापना के संबंध में प्रस्ताव तैयार करने हेतु समिति का गठन किया गया था।

समिति द्वारा Human Resource Development Unit की स्थापना के संबंध गठित प्रस्ताव, दिनांक–20.09.2025 को सम्पन्न विश्वविद्यालय अकादमिक परिषद् की 23वीं बैठक में प्रस्तुत किया गया।

अकादमिक परिषद् की बैठक में प्राप्त सुझाओं को समाहित करते हुए विश्वविद्यालय में Human Resource Development Unit की स्थापना हेतु प्रस्ताव, विश्वविद्यालय प्रबंधन बोर्ड के समक्ष अवलोकनार्थ व अनुमोदनार्थ उपस्थापित।

निर्णय अनुमोदित।

कार्यावली संख्या–26.9 **ग्यारहवीं वित्त समिति के कार्यवाही प्रतिवेदन का अनुमोदन।**

विवरण :– ग्यारहवीं वित्त समिति की बैठक दिनांक–25.09.2025 को आहूत की गई जिसकी कार्यवाही प्रतिवेदन प्रबंधन बोर्ड के समक्ष अनुमोदनार्थ उपस्थापित।

निर्णय सम्पुष्ट।

बैठक के अंत में कुलसचिव (प्रभारी)–सह–गैर सदस्य सचिव, विश्वविद्यालय प्रबंधन बोर्ड द्वारा सभी सम्मानित सदस्यों एवं प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष का धन्यवाद ज्ञापन किया। तदोपरांत बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

| | |
|---|---|
| ह०/– | ह०/– |
| **कुलसचिव (प्रभारी)–सह–गैर सदस्य सचिव,** | **कुलपति–सह–अध्यक्ष,** |
| **बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय,** | **बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय,** |
| **पटना–14।** | **पटना–14।** |

ज्ञापांक 1251/कु०स०/बि०प०वि०वि०, पटना दिनांक 26/09/2025

प्रतिलिपिः–

1. विश्वविद्यालय प्रबंधन बोर्ड के सभी माननीय सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
2. सर्व–नियंत्री पदाधिकारी, आई०सी०टी०, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

26.9.25

**कुलसचिव (प्रभारी)–सह–गैर सदस्य सचिव,**
**बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय,**
**पटना–14।**

**प्रतिलिपिः**– कुलपति के सचिव को माननीय कुलपति महोदय, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।